ये कानून कर्मचारियों की सुरक्षा करते हैं, भले ही उनकी आप्रवासन स्थिति जो भी हो। इसके तहत आने वाले नियोक्ताओं को इन कानूनों का पालन करना चाहिए। बदले की कार्रवाई करना गैरकानूनी है।

**1 जुलाई, 2020 से प्रभावी तिथियां बदलती हैं**

Office of Labor Standards (OLS, श्रम मानकों के कार्यालय) का मिशन नस्ल और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विचारशील समुदाय और व्यावसायिक जुड़ाव, रणनीतिक प्रवर्तन और नए नीति विकास के ज़रिए श्रम मानकों को आगे बढ़ाना है।

यह पोस्टर कार्यस्थल पर ऐसी जगह पर लगा होना चाहिए जहाँ से वह साफ़-साफ़ दिखे। साथ ही यह अंग्रेजी के अलावा कर्मचारियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा में लिखा होना चाहिए। Office of Labor Standards भाषा की व्याख्या और अनुवाद सेवा प्रदान करता है और साथ ही विकलांगों के लिए आवास भी देता है।

# Notice of Rights for Employees of Ancillary Hotel Businesses (सहायक होटल व्यवसायों के कर्मचारियों के लिए अधिकारों से जुड़ी सूचना)

## क्या यह आप पर लागू होता है?

**एक सहायक होटल व्यवसाय क्या है?**

अगर किसी व्यवसाय का किसी होटल के साथ निम्नलिखित प्रकार का कोई संबंध हैं तो वह AHB व्यवसाय कहलाता है:

1. मेहमानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए एक व्यवसाय नियमित रूप से एक होटल के साथ अनुबंध करता है
2. मेहमानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए एक व्यवसाय होटल की साइट पर स्थान ठेके पर देता है, या
3. व्यवसाय का एक प्रवेश द्वार होटल के अंदर है और वह मेहमानों और आम जनता को भोजन और पेय पदार्थ उपलब्ध कराता है

कवर की गई सेवाओं में वे सेवाएं शामिल हैं जो होटल में कुछ दिनों के लिए रुकने पर दी जाती हैं। इसमें भोजन या पेय, मनोरंजन, सम्मेलन कक्ष, कपड़े धोने और पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

आप जिस व्यवसाय के लिए काम करते हैं वह AHB है या नहीं, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया Office of Labor Standards की वेबसाइट देखें।

## चिकित्सकीय देखभाल तक पहुँच

**नियोक्ताओं को स्वास्थ्य देखभाल के लिए खर्च करना होगा**

**यह किस पर लागू होता है?**

प्रति घंटे के हिसाब से काम करने वाले कर्मचारी जो (1) 50 या अधिक कर्मचारियों के AHB के लिए काम करते हैं जो कि 100 या अधिक अतिथि कमरों वाले होटल से जुड़े हैं, और (2) प्रति माह औसतन 80 या उससे ज्यादा घंटे काम करते हैं। यह पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, या कुछ कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है जो श्रम संबंधों के बारे में प्रबंधन नीतियों को निर्धारित करने में मदद करते हैं।

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले चिकित्सकीय देखभाल से जुड़े खर्चों के माध्यम से चिकित्सा सुविधा तक बेहतर पहुँच
- नियोक्ता निम्नलिखित में से एक या अधिक द्वारा खर्च कर सकते हैं:

(1) साधारण आय का भुगतान
(2) नियोक्ता द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए भुगतान, और/या
(3) कर-अनुकूल स्वास्थ्य योजनाओं के लिए भुगतान (उदाहरण के लिए स्वास्थ्य बचत खाता)

**हर कैलेंडर वर्ष के लिए दरों की घोषणा पिछले वर्ष के 30 जून के बाद नहीं की जाती है; मौजूदा दर जानने के लए QR कोड को ैन कर या यहाँ •क कर**

## हिंसा से सुरक्षा

**मेहमानों के हिंसक या उत्पीड़क आचरण से कर्मचारियों की सुरक्षा करता है**

**यह किस पर लागू होता है?**

60 या अधिक अतिथि कमरों वाले होटल से जुड़े AHB के लिए प्रति घंटा काम करने वाले कर्मचारी

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- होटल के अतिथि कक्ष में काम करते समय या डिलिवरी करते समय पैनिक बटन (होटल द्वारा लगाई गई) के इस्तेमाल का अधिकार
- अपने नियोक्ता से अतिथि के हिंसक या उत्पीड़क आचरण की शिकायत करने का अधिकार
- होटल के मेहमानों के हिंसक या उत्पीड़क आचरण से सुरक्षित रहने का अधिकार
- किसी होटल के ऐसे मेहमान के कमरे में काम करने या डिलिवरी करने के लिए नियुक्त न किए जाने का अधिकार, जिसके हिंसक या उत्पीड़क आचरण की रिपोर्ट की गई है

**अगर किसी कर्मचारी के साथ कथित तौर पर हिंसा हुई है या वह मेहमान उत्पीड़क आचरण से परेशान हुआ है तो उसके पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- उनकी पसंद के अनुसार अलग जगह फिर से नियुक्त किए जाने का अधिकार
- कानून प्रवर्तन और कर्मचारी की पसंद के सहायक व्यक्ति से बात करने के लिए सवैतनिक समय पाने का अधिकार
- समर्थन सेवाओं, संसाधनों और/या रेफरल कॉल के लिए King County Sexual Assault Resource Center तक पहुँच का अधिकार कॉल (24 घंटे की लाइन): 1-888-998-6423
- Revised Code of Washington 7.69.030 (वाशिंगटन 7.69.030 के संशोधित संहिता) में प्रदान किए गए अपराध पीड़ित के लिए नियुक्त वकील की सहायता लेने का अधिकार

## नौकरी बरकरार रखना

**स्वामित्व में परिवर्तन के बाद कर्मचारियों की नौकरी को बरकरार रखना होगा**

**यह किस पर लागू होता है?**

प्रति घंटा काम करने वाले कर्मचारी जो (1) 60 या अधिक अतिथि कमरों वाले होटल से जुड़े AHB के लिए काम करते हैं जिसमें 50 या उससे अधिक कर्मचारी हैं, और (2) AHB की बिक्री से कम से कम 30 दिन पहले AHB के लिए काम कर चुके हैं। यह उन पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, या कुछ कर्मचारियों पर लागू नहीं होता है जो श्रम संबंधों के बारे में प्रबंधन नीतियों को निर्धारित करने में मदद करते हैं।

**कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अधिकार है:**

- व्यवसाय के स्वामित्व में होने वाले बदलाव की सूचना होने का अधिकार
- आने वाले नियोक्ता द्वारा नौकरी का लिखित ऑफर पाने का अधिकार (वरिष्ठता के आधार पर ऑफर)
- नए नियोक्ता के साथ नब्बे दिनों तक का काम करने का अधिकार, जब तक कि कर्मचारी को निकालने का कोई कारण न हो या छंटनी की जरूरत न हो (वरिष्ठता के आधार पर छंटनी)
- 90 दिनों पर प्रदर्शन के मूल्यांकन का अधिकार

हर एक कानून की प्रभावी तिथियों के विवरण के लिए वेबसाइट देखें।

## अपने कर्मचारी अधिकारों को जानें

**जवाबी कार्रवाई करना वर्जित है:** ये कानून, कर्मचारियों को इन अधिकारों का इस्तेमाल करने पर किसी के द्वारा किए जाने वाले जवाबी कार्रवाई से बचाते हैं।

**शिकायत दर्ज कराने का अधिकार:** अगर कोई नियोक्ता इन कानूनों का उल्लंघन करता है तो कर्मचारियों को OLS के पास शिकायत करने या मुकदमा दायर करने का अधिकार है।

**संपर्क करें:**
OFFICE OF LABOR STANDARDS

**नियोक्ता**
अनुपालन सहायता प्राप्त करें और/या प्रशिक्षण प्राप्त करें

**कर्मचारी**
OLS में शिकायत दर्ज करें या अदालत में मुकदमा दायर करें

**206-256-5297**
**www.seattle.gov/laborstandards**

810 THIRD AVE, SUITE 375 SEATTLE, WA 98104 | LABORSTANDARDS@SEATTLE.GOV